dainikbhaskar.com

# राष्ट्रीय राजमार्ग सांगरिया से सांचौर का पुनः होगा सर्वे



जालोर. दिल्ली में मंत्री से मुलाकात करते सांसद।

## सांसद पटेल के नेतृत्व में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री मनसुख मांडविया से मिले जिले के किसान

भास्कर न्यूज | जालोर

जालोर-सिरोही लोकसभा सांसद देवजी पटेल के नेतृत्व में जिले के किसानों ने नई दिल्ली में गुरुवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री मनसुख मांडविया एवं अधिकारियों से मुलाकात कर भारतमाला के तहत प्रस्तावित सांगरिया से सांचौर प्रोजेक्ट का निर्माण जालोर जिले में नेशनल हाईवे 68 पर करवाने की मांग रखी।

सांसद देवजी पटेल के नेतृत्व में जिले के किसानों ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री मनसुख मांडविया एवं अधिकारियों से मुलाकात की। किसानों ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग सांगरिया से सांचोर प्रस्तावित है जो जालोर जिले दहिवा, सांगाणा, आलवाड़ा, खेतलावास, दादाल, बागोड़ा, धूंबडिया, गांवड़ी, मेडा, कूका, निंबाउ, भादरुणा, हरियाली, कारोला, जाजूसण, बड़सम, माखुपुरा, प्रतापपुरा, गरढाली, गोलासन होकर गुजर रहा है। क्षेत्र में नर्मदा नहर एवं कृषि कुओं के माध्यम से किसान सिंचाई पुर-जोर से कर रहें हैं। संसदीय क्षेत्र की भूमि उपजाऊ एवं कृषि कार्यों हेतु उपयुक्त हैं। यहां के किसानों द्वारा अनार, आम, पपीते, चीकू एवं क्षेत्र की मुख्य फसलें ईसबगोल, जीरा, सरसों, गेंहू, तिल, मूंग, बाजरा, मोठ, ज्वार, ग्वार, अरण्डी, की भरपूर पैदावार ली जाती है, ऐसे में क्षेत्र ईसबगोल व जीरा एवं बाजरा की उपज के लिए प्रसिद्ध है। जिसकी वजह से बहुमूल्य भूमि होने के कारण भारतमाला के तहत प्रस्तावित सांगरिया से सांचौर प्रोजेक्ट निर्माण नेशनल हाईवे 68 पर किया जाएं ताकि किसानों की भूमि बर्बाद न हो और सरकार को भी जमीन का मुआवजा अधिक नहीं देना पड़े। जिस पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सांसद देवजी पटेल सहित साथ में पहुंचे किसान प्रतिनिधि मंडल को पूर्ण आश्वस्त करते हुए कहा कि भारतमाला के तहत जालोर जिले में पूर्व में किए गए सर्वे को निरस्त किया है और उक्त प्रोजेक्ट सांगरिया से सांचौर का पुनः सर्वे नेशनल हाईवे 68 पर करवाया जाएगा।

## सांचौर प्रोजेक्ट का निर्माण जालोर जिले में नेशनल हाइवे 68 पर करवाने की मांग

# सांसद पटेल ने की मनसुख मांडविया से मुलाकात



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जालोर-सिरोही लोकसभा सांसद देवजी पटेल के नेतृत्व में जालोर जिले के किसानों ने नई दिल्ली में गुरुवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात कर भारतमाला के तहत प्रस्तावित सांगरिया से सांचोर प्रोजेक्ट का निर्माण जालोर जिले में नेशनल हाईवे 68 पर करवाने की मांग रखी। सांसद देवजी पटेल के नेतृव में जालोर जिले के किसानों ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री मनसुख माडविया से मुलाकात की इस दौरान सांसद पटेल व साथ पहुचें किसानों ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग सांगरिया से सांचोर प्रस्तावित है जो जालोर जिले के दहिवा, सांगाणा, आलवाड़ा, खेतलावास, दादाल, बागोड़ा, धुम्बड़ीया, गांवड़ी, मेडा, कूका, निम्बाउ, भादरुणा, हरियाली, कारोला, जाजूसण,बड़सम, माखुपुरा, प्रतापुरा, गरढाली, गोलासन होकर गुजर रहा है। क्षेत्र में नर्मदा नहर एवं कृषि कुओं के माध्यम से किसान सिंचाई पुर-जोर से कर रहें हैं। संसदीय क्षेत्र की भूमि उपजाऊ एवं कृषि कार्यो हेतु उपयुक्त है। यहा के किसानों द्वारा अनार, आम, पपीते, चीकु, एवं क्षेत्र की मुख्य फसलें ईसबगोल, जीरा, सरसों, गेंहू, तिल, मूंग, बाजरा, मोठ, ज्वार, ग्वार, अरण्डी, की भरपूर पैदावार ली जाती है यह क्षेत्र ईसबगोल व जीरा एवं बाजरा की उपज के लिए प्रसिद्ध है। सांसद पटेल ने बताया कि क्षेत्र के किसान फव्वारा, स्प्रींगलगर, एवं ग्रीन हाउस द्वारा फल, फूल व सब्जियों की पैदावार ले रहे हैं। तथा क्षेत्र में पूर्व में भी नर्मदा नहर एवं गैस पाईप लाईन व रिंग रोड, बायपास सड़क के निर्माण हेतु किसानों से जमीन अवाप्त की जा चुकी है। यहा कि बहुमुल्य भुमि को होने के कारण भारतमाला के तहत प्रस्तावित सांगरिया से सांचोर प्रोजेक्ट निर्माण नेशनल हाईवे 68 पर किया जायें ताकि किसानों की भूमि बर्बाद न हो और सरकार को भी जमीन का मुआवजा अधिक नहीं देना पड़े। उन्होंने मंत्री महोदय से पुरजोर मांग रखते हुए आम जनहित में भारतमाला के तहत प्रस्तावित सांगरिया से सांचौर एक्सप्रेस वे का निर्माण नेशनल हाईवे 68 पर ही निर्माण करवाने की मांग की।

जिस पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सांसद देवजी पटेल सहित साथ में पहुंचे किसान प्रतिनिधी मंडल को पुर्ण आश्वस्त करते हुए तत्काल अधिकारियों को निर्देर्षित दिये कि भारतमाला के तहत जालोर जिले में पुर्व में किए गये सर्वे को निरस्त कर प्रोजेक्ट सांगरिया से सांचौर का जालोर जिले में पुन सर्वे नेशनल हाईवे 68 पर किया जायें।

# सांगरिया से सांचोर का सर्वे पुनः नेशनल हाईवे 68 पर होगा : पटेल

**नवज्योति/रानीवाड़ा।**

जालोर-सिरोही लोकसभा सांसद देवजी पटेल के नेतृत्व में जालोर जिले के किसानों ने नई दिल्ली में गुरुवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री मनसुख मांडविया एवं अधिकारियों से मुलाकात कर भारतमाला के तहत प्रस्तावित सांगरिया से सांचोर प्रोजेक्ट का निर्माण जालोर जिले में नेशनल हाईवे 68 पर करवाने की मांग रखी।

सांसद देवजी पटेल के नेत्तृव में जालोर जिले के

## पटेल ने किसानों के साथ मांडविया से की मुलाकात

किसानों ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री मनसुख माडविया एवं अधिकारियों से मुलाकात की इस दौरान सांसद पटेल व साथ पहुचें किसानों ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग सांगरिया से सांचोर प्रस्तावित है जो जालोर जिले दहिवा, सांगाणा, आलवाड़ा, खेतलावास, दादाल, बागोड़ा, धुम्बड़िया, गांवड़ी, मेडा, कूका, निम्बाउ, भादरुणा, हरियाली, कारोला, जाजूसण, बड़सम, माखुपुरा, प्रतापुरा, गरढाली, गोलासन होकर



गुजर रहा है। क्षेत्र में नर्मदा नहर एवं कृषि कुओं के माध्यम से किसान सिचाई पुर-जोर से कर रहें हैं। संसदीय क्षेत्र की भूमि उपजाऊ एवं कृषि कार्यो हेतु उपयुक्त है। यहा के किसानो द्वारा अनार, आम, पपीते, चीकु, एवं क्षेत्र की मुख्य फसले ईसबगोल, जीरा, सरसों, गैहू, तिल, मूंग, बाजरा, मोठ, ज्वार, ग्वार, अरण्डी, की भरपूर पैदावार ली जाती है यह क्षेत्र ईसबगोल व जीरा एवं बाजरा की उपज के लिए प्रसिद्ध है।

सांसद पटेल व किसानो ने बताया कि क्षेत्र के किसान फव्वारा, स्प्रीगलगर, एवं ग्रीन हाउस द्वारा फल, फूल व सब्जिया की पैदावार ले रहे हैं। तथा क्षेत्र में पुर्व में भी नर्मदा नहर एवं गैस पाईप लाईन व रिंग रोड़, बायपास सड़क के निर्माण हेतु किसानो से जमीन अवाप्त की जा चुकी है।

## पुनः सर्वे नेशनल हाईवे 68 पर करवाया जायेगा

यहा कि बहुमुल्य भुमि को होने के कारण भारतमाला के तहत प्रस्तावित सांगरिया से सांचोर प्रोजेक्ट निर्माण नेशनल हाईवें 68 पर किया जायें ताकि किसानों की भूमि बर्बाद न हो और सरकार को भी जमीन का मुआवजा अधिक नही देना पड़े। उन्होंने राज्य मंत्री एवं अधिकारियों से पुरजोर मांग रखते हुए आम जनहित में भारतमाला के तहत प्रस्तावित सांगरिया से सांचोर एक्सप्रेस वे का निर्माण नेशनल हाईवे 68 पर ही निर्माण करवाने की मांग की। जिस पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग रा य मंत्री मनसुख मांडविया ने सांसद देवजी पटेल सहित साथ में पहुंचे किसान प्रतिनिधी मंडल को पुर्ण आश्वस्त करते हुए कहा की भारतमाला के तहत जालोर जिले में पुर्व में किए गये सर्वे को निरस्त किया है और उक्त प्रोजेक्ट सांगरिया से सांचोर का पुन सर्वे नेशनल हाईवे 68 पर करवाया जायेगा।

# किसानों ने की मंत्री से मुलाकात

**सांचौर.** जालोर-सिरोही लोकसभा सांसद देवजी पटेल के नेतृत्व में जालोर जिले के किसानों ने नई दिल्ली में गुरुवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री मनसुख मांडविया एवं अधिकारियों से मुलाकात कर भारतमाला के तहत प्रस्तावित सांगरिया से सांचौर प्रोजेक्ट का निर्माण जालोर जिले में नेशनल हाईवे 68 पर करवाने की मांग रखी।